भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये **Rs. 100**

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

वरिष्ठ कोषाधिकारी
17 JUN 2020
गाजीपुर

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

FK 660363

समर बहादुर सिंह S/o अरुण प्रकाश सिंह ग्राम अकरौंव जिला गाजीपुर

तारकेश्वर मौर्य

2-6-2020

बाबू के0डी0सिंह मेमोरियल ट्रस्ट

न्यास विलेख (Instrument of Trust)

यह न्यास विलेख दिनांक 03.0[illegible]2020 ग्राम अकरौंव पो0 सुरहुरपुर परगना शादियाबाद तहसील–जखनियां जिला –गाजीपुर (उ0प्र0) में **समर बहादुर सिंह पुत्र श्री अरुण प्रकाश सिंह निवासी** ग्राम अकरौंव पो0 सुरहुरपुर परगना शादियाबाद तहसील–जखनियां जिला –गाजीपुर (उ0प्र0) द्वारा घोषित किया गया।

जिसे न्यासकर्ता /संस्थापक कहा जायेगा क्योंकि न्यासकर्ता/संस्थापक के पास रुपया 10000/–(दस हजार रुपये मात्र) की राशि है। जिसे की वह पुरुषार्थ सामाजिक कार्यो हेतु दान देने की इच्छा करते हैं। न्यासकर्ता/संस्थापक उक्त राशि का अप्रति सहरणीय न्यास बनाने हेतु इच्छुक है जो कि समाज उत्थान एवं विशेष रुप से शिक्षा एवं सामाजिकता के क्षेत्र में कार्य करेगा क्योंकि यह ट्रस्ट **बाबू के0डी0सिंह मेमोरियल ट्रस्ट** के नाम जाना जायेगा तथा कार्य करेगा ,जिसे की आगे संक्षिप्त में ट्रस्ट भी कहा जा सकेगा । क्योकि ट्रस्ट का न्यासकर्ता मैनेजिंग ट्रस्टी होगा जिसे की आगे ट्रस्ट का अध्यक्ष कहा जा सकेगा न्यासकर्ता /संस्थापक की यह भी इच्छा है कि वह विभिन्न श्रोतों से दान ,उपकार ,ऋण आदि भी सम्मिलित है जिसके द्वारा ट्रस्ट के कोष संपदा एवं साधनों को और बढायें ताकि ट्रस्ट अपने उद्देश्यों में प्रभावी रुप से सफल हो सके और न्यासकर्ता/संस्थापक ने अपनी इच्छा के अनुकुल 10000/(दस हजार रुपये मात्र) की नगद राशि ट्रस्ट को प्रदान की है ।

समर बहादुर सिंह

क्रमशः........2